आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.11.2025  समय : 1905

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन गया है।
- भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार आंकड़ों की शुद्धता बनाए रखने के लिए देश भर में दो करोड़ से ज़्यादा मृत लोगों के आधार नंबर हटा दिए हैं।
- ''आपकी पूंजी आपका अधिकार'' राष्ट्रीय अभियान के तहत लम्बित और अप्राप्त वित्तीय सम्पतियों की जांच और निपटान के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा।
- जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय ने राष्ट्रीय टेली–मानस कार्यक्रम के तहत आज से दस दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान शुरू किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत का मार्ग लोगों की एकता में निहित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अनेक कठिन परिस्थितियों के बावजूद, गोवा ने अपनी मूल संस्कृति को संरक्षित तो रखा ही है, और समय के साथ उसका कायाकल्प भी किया है। गोवा के कैनाकोना में श्री संस्थान गोकर्ण परतगली जीवोत्तम मठ के कार्यक्रम में श्री मोदी ने समाज के लिए इस ऐतिहासिक मठ के सतत योगदान की सराहना की। उन्होंने मठ को भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने वाले मूल्यों को बनाए रखने की आधारशिला बताया। श्री मोदी ने कहा कि इस संस्था ने आस्था, मानवता और संस्कृति की रक्षा की है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने परतगली में प्रभु श्री राम की सतहत्तर फुट ऊंची कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने एक नए रामायण थीम पार्क गार्डन और भगवान राम को समर्पित दस हजार वर्ग फुट के संग्रहालय का भी लोकार्पण किया। श्री मोदी ने विशेष डाक टिकट और स्मारक सिक्का भी जारी किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्म–निर्भर बनाने के लिए नौ संकल्प दिए हैं। श्री मोदी ने कर्नाटक के उडुपी में इन मुद्दों पर लोगों की प्रतिबद्धता का आह्वान किया। कर्नाटक के उडुपी में श्री कृष्ण मठ में लक्ष कंठ गीता पारायण कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने देशवासियों से प्राकृतिक खेती को

बढ़ावा देने, बाजरे का इस्तेमाल करके स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, तेल का इस्तेमाल कम करने और योग को अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा बनाने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने आज जिन नौ प्रस्तावों का ज़िक्र किया, उनमें से एक हमारी पुरानी पांडुपिलियों का संरक्षण भी हैं। उन्होंने कहा कि हमारा पुराना ज्ञान अगली पीढ़ी को दिया जाना चाहिए। उन्होंने भारतीयों से अपनी विरासत और परंपराओं के लिए जानी जाने वाली पच्चीस जगहों पर जाने की भी अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवद गीता केंद्र सरकार के ज़्यादातर कार्यक्रमों के लिए प्रेरणास्रोत रही है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि सरकार समाज को अधिक समावेशी, शांतिपूर्ण, स्वस्थ और मूल्य–आधारित बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि योग और ध्यान को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अभियान का नेतृत्व करना ऐसी ही पहल हैं। राष्ट्रपति ने आज यह बात उत्तर प्रदेश के लखनऊ में ब्रह्माकुमारी की 2025–26 के वार्षिक विषय, 'विश्व एकता और विश्वास के लिए ध्यान' कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह में कही। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन सभ्यता ने सदैव दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया है।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने आज राज निवास में टी बी मुक्त भारत अभियान की प्रगति पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्य सचिव चन्द्र भूषण कुमार, स्वास्थ्य सेवा विभाग के निदेशक व वरिष्ठ अधिकारी, तीनों जिलों के उपायुक्त, राज्य टी बी अधिकारी, जिला टी बी अधिकारी और आई आर एल के सूक्ष्म जीव विज्ञानी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में राज्य टी बी अधिकारी ने कार्यान्वयन का एक अवलोकन प्रस्तुत किया, जिसमें जुलाई 2025 से आयोजित बैठकें, संभावित टीबी जाँच के रुझान, टीबी मामलों की सूचनाएं, रोगी निगरानी तंत्र, जिला–स्तरीय हस्तक्षेप, निक्षय मित्र का समर्थन, आई ई सी गतिविधियां, टीबी मुक्त पंचायत की प्रगति और पिछले फैसलों पर की गई कार्रवाई शामिल थी। निक्षय क्लिनिक की मासिक शुरुआत, निकेबार जिले में कुपोषित रोगियों के लिए अतिरिक्त पोषण सहायता, 50 टीबी रोगी परिवारों के लिए एस बी आई से एक साल की सहायता, और समुदाय–आधारित निक्षय शिविर गतिविधियाँ जैसी नई पहल भी रेखांकित की गईं। समीक्षा बैठक में यह भी सूचित किया गया कि अंडमान निकोबार द्वीप समूह इस अभियान के तहत असुरक्षित आबादी को शामिल करने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के लक्ष्य को प्राप्त करने वाला पहला केंद्र शासित प्रदेश है। उपराज्यपाल ने स्वास्थ्य विभाग

और जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की और द्वीप समूह में टीबी उन्मूलन में तेजी लाने के लिए रणनीतियों को और मजबूत करने तथा सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने का निर्देश दिया।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार कमांड के अंतर्गत कोस्ट गार्ड क्षेत्रीय मुख्यालय द्वारा दो दिवसीय क्षेत्रीय स्तरीय समुद्री खोज एवं बचाव अभ्यास 'SAREX–2025' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य विभिन्न समुद्री खोज एवं बचाव एजेंसियों के बीच समन्वय, पारस्परिक सहयोग और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत करना था। अभ्यास में द्वीप समूह की विभिन्न स्थानीय M – SAR एजेंसियों और संसाधन संगठनों ने भाग लिया। कल एक टेबल–टॉप अभ्यास का आयोजन हुआ, जिसमें एक बड़े समुद्री संकट की स्थिति का अनुकरण किया गया। इससे विभिन्न एजेंसियों को संयुक्त निर्णय–निर्माण और सूचनाओं के प्रभावी आदान–प्रदान का आकलन करने में सहायता मिली। आज एक समुद्री अभ्यास का आयोजन किया गया, जिसमें संकटग्रस्त पोत से यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने, प्राथमिक उपचार और चिकित्सा निकासी की प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया गया। इस अभ्यास में कोस्ट गार्ड के जहाज़, विमान और जहाजरानी सेवा निदेशालय के पोतों ने भी हिस्सा लिया और समुद्री बचाव तकनीक, अग्निशमन, चिकित्सा निकासी तथा समन्वित प्रतिक्रिया की क्षमता प्रदर्शित की।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत, दो दिसम्बर को केन्द्रीय स्वास्थ्य मिशन के साथ मिलकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंगत में एक फिक्स्ड डे परिवार नियोजन नसबन्दी सेवा का आयोजन करेगा। नसबन्दी टीम को अंडमान निकोबार द्वीप समूह आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रोफेसर डॉ. एम.के. साहा और ग्रेड–I एनेस्थेटिस्ट डॉ. नारायणन राजाराम के नेतृत्व में तथा जी बी पन्त अस्पताल के अन्य कर्मचारी के सहयोग से सम्पन्न किया जाएगा। रंगत और बिलिग्राउंड क्षेत्र में रहने वाले इच्छुक स्त्री और पुरूषों से इस सेवा का लाभ उठाने को कहा गया है।

<><><><><><><>